राष्ट्रीय अखबार - खोले वैभव के द्वार

# विराट वैभव

वर्ष : 20, अंक : 39, पृष्ठ : 16 | नई दिल्ली, बृहस्पतिवार,13 मार्च 2025 | दिल्ली-जयपुर से प्रकाशित |

## साहित्य उत्सव में साहित्यकार डॉ विवेक गौतम ने किया काव्यपाठ

वैभव न्यूज ■ नई दिल्ली



साहित्य अकादेमी संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में एशिया के सबसे बड़े साहित्यिक समारोह में कावेरी सभागार में बहुभाषी कविता पाठ में प्रतिष्ठित कवि एवं शिक्षाविद् डॉ विवेक गौतम ने हिंदी कवि के रूप में अपनी जब दीवारें लिखती हैं, छत, गॉव नहीं दौड़े थे, तथा संपन्नता जैसी सशक्त और प्रभावशाली कविताओं का पाठ किया। इस भव्य समारोह की अध्यक्षता सुप्रसिद्ध तेलुगू कवि एवं वरिष्ठ साहित्यकार ए.कृष्ण राव ने की। इस अवसर पर कन्नड़, नेपाली, उड़िया, उर्दू एवं हिंदी के दो अन्य कवियों ने भी कविता पाठ किया। समारोह में साहित्यकार ज्योतिष जोशी, विभा बिष्ट,उषा कुमारी, अभय जैन, प्रेम मिश्र अनेक प्रतिष्ठित व्यक्तित्व उपस्थित थे।